# कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला–जीआरपी–अजमेर

क्रमांक :–न–5( )जीआरपी–फोर्स / 2023–24 / 5709-23 दिनांक :– 10-10-2024

**–प्रेस नोट–**

पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर की विज्ञप्ति क्रमांक न–5 (15)पु.फो. / कानि. भर्ती–23 / 2023 / 3346 दिनांक 03.08.2024 व संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक 3363 दिनांक 04.08.2023 के द्वारा जिला जीआरपी अजमेर में कॉन्स्टेबल चालक के 12 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु निर्धारित भर्ती प्रक्रिया के अनुसार दिनांक 28.12.2023 को शारीरिक मापतौल एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET/PST) आयोजित की गई, जिसमें सफल अभ्यर्थियों की दिनांक 13.06.2024 से 14.06.2024 तक कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) आयोजित की गई। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में उत्तीर्ण कॉन्स्टेबल चालक पद के अभ्यर्थियों की दिनांक 23.09.2024 को दक्षता परीक्षा (Proficiency Test) आयोजित की गई। कॉन्स्टेबल भर्ती की समस्त प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् सफल अभ्यर्थियों का गठित चयन बोर्ड के द्वारा चयन की कार्यवाही की जाकर निम्नांकित अभ्यर्थियों का वरियता के अनुसार कॉन्स्टेबल (चालक) के पद की चयन सूची पर लिया गया है, जिसका पुलिस मुख्यालय द्वारा अनुमोदन किया गया है :–

## कॉन्स्टेबल (चालक) के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची

| S.N. | Roll No. | Name | Father's/Husband Name | Category | Gender | Date of Birth | Select List |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1017976 | RICHHAPAL LORA | BODU RAM LORA | OBC-NON CREAMY | MALE | 05-06-96 | Gen-M-1 |
| 2. | 1017994 | GOPAL RAM DHAKA | TULCHCHA RAM | OBC-NON CREAMY | MALE | 15-06-94 | Gen-M -2 |
| 3. | 1018459 | BABULAL SHERAWAT | GOPAL SHERAWAT | OBC-NON CREAMY | MALE | 08-05-95 | Gen-M -3 |
| 4. | 1017615 | JITENDRA KUMAR | SURESH KUMAR | OBC-NON CREAMY | MALE | 20-08-91 | OBC-1 |
| 5. | 1017217 | KUNAL SINGH | LEELA RAM | OBC-NON CREAMY | MALE | 25-06-98 | Gen-M -4 |
| 6. | 1018189 | SEETA RAM | SURAJ MAL | OBC-NON CREAMY | MALE | 02-10-94 | Gen-M -5 |
| 7. | 1017632 | RAMSUKH BHAMBU | KISANA RAM | OBC-NON CREAMY | MALE | 11-05-95 | OBC-2 |
| 8. | 1017152 | KRISHAN YADAV | JAGDISH PRASAD YADAV | OBC-NON CREAMY | MALE | 15-10-96 | OBC-3 |
| 9. | 1018108 | PRAVEEN KUMAR | SHYAM LAL | S.C | MALE | 10-07-95 | SC-1 |
| 10. | 1017400 | SAMU RAM | GIRDHARI RAM | S.C | MALE | 01-07-92 | SC-2 |
| 11. | 1018411 | DHARMA RAM | CHHOTU RAM MEGHWAL | S.C | MALE | 20-06-97 | SC-3 |
| 12. | 1017490 | BHAGWAN SINGH SHEKHAWAT | MOHAN SINGH SHEKHAWAT | GENERAL - EWS | MALE | 20-08-94 | EWS-1 |

उपर्युक्त चयन सूची राजस्थान पुलिस की वेबसाईट http://www.police.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला–जीआरपी, अजमेर के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। परीक्षा परिणाम के प्रकाशन में पूर्णरूप से सावधानी बरती गई है, फिर भी कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जीआरपी अजमेर की सूचना को अधिकृत माना जावें।

समस्त चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे भर्ती की आगामी प्रक्रिया स्वास्थ्य परीक्षण / चरित्र सत्यापन/ शैक्षणिक योग्यता/जाति प्रमाण पत्रों/ड्राईविंग लाईसेंस एवं अन्य प्रमाण पत्रों आदि सहित समस्त दस्तावेज सत्यापन हेतु अपने निम्नांकित समस्त मूल दस्तावेज एवं स्वप्रमाणित छायां प्रतियों के साथ **दिनांक 21.10.2024 को प्रातः 7.00 बजे जीआरपी लाईन, स्वामी कॉम्पलेक्स के सामने, कचहेरी रोड़, अजमेर** में अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर यह मानते हुए कि आप उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छूक नहीं है, जिससे आपका नाम चयन सूची से पृथक करने की कार्यवाही की जाएगी :–

1. समान पात्रता परीक्षा एवं कानि. भर्ती आवेदन पत्र/शारीरिक मापतौल परीक्षा एवं कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) का प्रवेश पत्र
2. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र।
3. आयु प्रमाण पत्र (यदि शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र में आयु अंकित नहीं है तो)
4. अभ्यर्थी द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से सम्बंधित है तो प्रथम श्रेणी दण्डनायक या समकक्ष अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र।
5. कार्मिक विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ.7(1)कार्मिक/क–2/2019 दिनांक 20.10.2019 के क्रम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदक आवेदन वर्ष से पूर्व के वित्तीय वर्ष (अर्थात् 2022–23) की आय के आधार पर ऑनलाईन जारी आर्थिक पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र।
6. अभ्यर्थी राज्य कर्मचारी है तो राजकीय कर्मचारी होने का प्रमाण पत्र एवं नियोक्ता/विभागाध्यक्ष द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र
7. अभ्यर्थी यदि कर्तव्य का पालन करते हुए मारे गये मृतक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी का आश्रित है तो उसकी संतान होने का प्रमाण पत्र
8. अंतिम शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने वाली संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा जारी किया हुआ चरित्र प्रमाण पत्र एवं 02 स्थानीय प्रतिष्ठित व्यक्तियों (रिश्तेदारों के अतिरिक्त) द्वारा जारी किये गये चरित्र प्रमाण पत्र जो 06 माह से अधिक पुराने नहीं होने चाहिये।
9. भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में एनओसी/डिस्चार्ज प्रमाण पत्र/पेंशनर प्रमाण पत्र।
10. आवेदक से सम्बंधित सूचना के लिए विभाग द्वारा चयन उपरान्त निर्धारित आवेदन पत्र भरवाया जाएगा जिसमें चिपकाने के लिए स्वयं के 02 (4.5X3.5 सेमी.) रंगीन फोटो।
11. विधवा के मामले में उसे अपने पति की मृत्यु का सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। विछिन्न विभाग के मामलें में उसे विवाह विच्छेद का दस्तावेजी सबूत (डिक्री आदेश) प्रस्तुत करना होगा।
12. कॉन्स्टेबल ड्राईवर हेतु स्थाई ड्राईविंग लाईसेंस (LMV/HMV) जो कि विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से कम से कम एक वर्ष पूर्व का जारी हो, की मूल प्रति।
13. एनसीसी, होमगार्ड एवं पुलिस से सम्बंधित विषयों में डिप्लोमा/ उपाधि प्राप्त करने के प्रमाण पत्र।
14. राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक :– प.6(19)गृह–13/2006 दिनांक 22.05.2006 के अनुसार राजकीय सेवा में नियुक्ति हेतु विवाह पंजीयन कराया जाना अनिवार्य किया गया है। तत्सम्मबंधी प्रमाण पत्र अनिवार्य है।
15. मूल निवास प्रमाण–पत्र।
16. 02 फोटो पहचान पत्र।
17. दहेज नहीं लेने संबंधित शपथ पत्र।
18. दिनांक 01.06.2002 के पश्चात दो से अधिक जीवित सन्तान नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र।

19. एक से अधिक जीवित पति/पत्नी नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र।
20. आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं होने या सजायाफ्ता नहीं होने के संबन्ध में शपथ–पत्र।
21. धुम्रपान/तम्बाकू सेवन नहीं करने का शपथ–पत्र।
22. स्वयं की 10 रंगीन नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।
23. एससी/एसटी/ओबीसी/एमबीसी/ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा किसी कारण से आवेदन की अन्तिम तिथि तक जारी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा अन्तिम तिथि के पश्चात् जारी किया हुआ प्रमाण पत्र जारी किया गया हो तो अभ्यर्थी इस आशय का एक शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा कि वह आवेदन की अन्तिम तिथि को सम्बंधित वर्ग की पात्रता रखता था तथा यह सूचना गलत पाये जाने पर उसकी नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।

चयनित अभ्यर्थियों को उक्त प्रयोजनार्थ किसी प्रकार का यात्रा भत्ता व अन्य मानदेय देय नहीं होगा।

10.10.24

(नरेन्द्र सिंह)
(I.P.S.)
पुलिस अधीक्षक,
जिला–जीआरपी अजमेर
सदस्य सचिव

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राज0 जयपुर।
2. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, रेलवेज, राज0 जयपुर।
3. महानिरीक्षक पुलिस रेलवेज, राज. जयपुर (अध्यक्ष, चयन बोर्ड)।
4. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर।
5. पुलिस अधीक्षक, जिला–ब्यावर। (मनोनीत सदस्य)
6. समस्त जिला पुलिस अधीक्षक मय जीआरपी जोधपुर।
7. प्रभारी, वेबसाईट, एससीआरबी, पुलिस मुख्यालय, राज. जयपुर उक्त प्रेस नोट को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित है।
8. सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, जिला अजमेर के पास भेजकर निवेदन हैं कि उक्त प्रेस नोट का समस्त प्रादेशिक/स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित/प्रसारित कराने की व्यवस्था करावें।
9. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जीआरपी, अजमेर।
10. वृताधिकारी, वृत जीआरपी अजमेर को भेजकर लेख है कि आप स्वयं उक्त प्रेस नोट को समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने सम्बंधी आवश्यक कार्यवाही करें।
11. सम्पादक, राजस्थान पत्रिका/दैनिक भास्कर/दैनिक नवज्योति के पास भेजकर लेख हैं कि उक्त प्रेस नोट का समस्त प्रादेशिक/स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित/प्रसारित कराने की व्यवस्था करावें।
12. संचित निरीक्षक, जीआरपी लाईन, अजमेर को भेजकर लेख है कि उक्त प्रेस नोट को पुलिस लाईन के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करावें।
13. प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि प्रेस नोट विभागीय वेब साईट पर आज ही अपलोड करना सुनिश्चित करें।
14. प्रभारी, पुलिस नियन्त्रण कक्ष, जीआरपी, अजमेर।
15. प्रभारी, संस्थापन शाखा, उक्त प्रेस नोट को कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
जिला–जीआरपी अजमेर